हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 3 जनवरी 2026

12 विवादित दुकान में खोला गया धनवंतरी जेनरिक मेडिकल ...



10 स्वच्छता सर्वेक्षण के मानकों पर कार्य करने ...





## खबर संक्षेप

### नौकरी लगाने के नाम पर ठगी, गिरफ्तार

**भिलाई।** आबकारी विभाग व शराब दुकान में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि बागेश्वर सिटी राजनांदगांव निवासी ओमकुमार सिन्हा ने आबकारी विभाग में और शराब दुकान में नौकरी लगने का झांसा देकर 6 लाख 51 हजार 817 रूपये लिया। जिसमें शुभम सोनकर से 1 लाख, गजेन्द्र सोनकर का 90 हजार, प्रियांश सोनकर से 12 हजार और हेम सिंह साहू 1 लाख 20 हजार रूपये को फोन पे और स्केनर के माध्यम से दिया गया। प्रियांश सोनकर 1 लाख 8 हजार, गजेन्द्र 30 हजार, नागेश 37 हजार रूपये नगद वसूला। मामले में पुलिस ने आरोपी ओमकुमार सिन्हा उर्फ ओमप्रकाश की खोजबीन कर उसे राजनांदगांव से हिरासत में लिया गया। पूछताछ करने पर आरोपी ने ठगी करना स्वीकार किया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### सशक्त ऐप से फिर मिली चोरी की दो बाइक




**भिलाई।** आईजी रामगोपाल गर्ग के द्वारा सशक्त ऐप का पब्लिक मॉड्यूल को आम नागरिकों के लॉच किया गया था। जिसमें दुर्ग पुलिस सशक्त ऐप डाउनलोड कर जागरूक किया। रेलवे स्टेशन दुर्ग क्षेत्र में सशक्त ऐप के माध्यम से सघन सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान विभिन्न थाना क्षेत्र से दो चोरी की बाइक बरामद की गई। एक वाहन थाना दुर्ग और दूसरी जिला मुंगेली से चोरी हुआ था। बाइक सीजी 07 एलडी 2588, सीजी 10 एनबी 4457 को बरामद किया। पार्किंग संचालकों एवं ऑटो रिक्शा चालकों को सशक्त एप्लिकेशन के उपयोग की जानकारी दी गई। चोरी के वाहनों की पहचान, सूचना देने एवं पुलिस से तुरंत समन्वय की प्रक्रिया समझाई दी गई। सर्च ऑपरेशन उप निरीक्षक डॉ. संकल्प राय के नेतृत्व और छत्तीसगढ़ आर्मी पब्लिक वेलफेयर फाउंडेशन के सहयोग से संपन्न किया गया। फाउंडेशन अध्यक्ष हरप्रीत सिंह, संस्थापक नमिता हांडा, सचिव विजय कुमार सिंह, सदस्य बेनी प्रसाद, संतोष चंद्राकर आदि मौजूद थे।

# कड़ाके की ठंड के बीच बेमौसम बादलों की दस्तक, किसानों और ग्रामीणों में बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

शीत ऋतु के दौरान अंचल में कड़ाके की ठंड का असर लगातार बना हुआ है। शुक्रवार को अचानक आसमान में काली घटाओं के छा जाने से जहां मौसम ने करवट ली, वहीं किसानों और ग्रामीणों के चेहरों पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई दीं। हालांकि बादल छाने के बावजूद ठंड में कोई विशेष कमी दर्ज नहीं की गई और दिनभर लोग गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए। कई स्थानों पर लोग अलाव तापते भी दिखाई दिए। सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहने के कारण तापमान बढ़ने की आशंका जताई जा रही थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। दिनभर ठंड का असर बरकरार रहा, जिससे जनजीवन सामान्य से अधिक प्रभावित रहा। अंचल के किसान इस समय रबी फसलों की देखभाल में जुटे हुए हैं। चना, तिवरा, अरहर, मसूर जैसी दलहन फसलें खेतों में तैयार अवस्था में हैं। कई किसानों ने फसल में दूसरा पानी दे दिया है, जबकि कुछ सिंचाई की तैयारी में हैं। ऐसे समय में ▶▶| शेष पेज 10 पर

### सर्दी-खांसी के मरीजों की संख्या बढ़ी



**मौसमी बीमारियों का बढ़ा प्रकोप:** लगातार पड़ रही ठंड के कारण अंचल में मौसमी बीमारियों का असर भी बढ़ने लगा है। सर्दी-खांसी, जुकाम और बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या में इजाफा देखा जा रहा है। स्थानीय डॉक्टरों के क्लीनिकों में ऐसे मरीजों की भीड़ नजर आ रही है। चिकित्सकों का कहना है कि ठंड और बदलते मौसम में सतर्कता बरतना जरूरी है। कुल मिलाकर, कड़ाके की ठंड के बीच बेमौसम बादलों की मौजूदगी ने जहां मौसम को अनिश्चित बना दिया है, वहीं किसान और आमजन दोनों ही सतर्क नजर आ रहे हैं।

**बैठक :** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देश पर बैठक

# जनगणना 2027 की तैयारियां तेज, ग्रामों की भौगोलिक सीमा के भू-संदर्भीकरण पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

वर्ष 2027 में जनगणना आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ग्रामों की भौगोलिक सीमा एवं स्थिति के शुद्ध भू-संदर्भीकरण से संबंधित जिला स्तरीय बैठक आज हुई।

बैठक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देशानुसार उप जिला निर्वाचन अधिकारी दीप्ति वर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में जनगणना कार्य से जुड़े संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में भारत सरकार, गृह मंत्रालय, जनगणना कार्य निदेशालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप ग्रामों की भौगोलिक सीमाओं के सटीक चिन्हांकन, डिजिटल मैपिंग एवं डेटा शुद्धता पर विस्तृत चर्चा की गई। गूगल अर्थ प्रो सॉफ्टवेयर के माध्यम से भू-संदर्भीकरण की तकनीकी प्रक्रिया को स्पष्ट करते हुए इसकी उपयोगिता एवं सावधानियों की जानकारी दी गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि ग्राम सीमाओं का सही एवं त्रुटिरहित भू-संदर्भीकरण जनगणना 2027 की गुणवत्ता एवं विश्वसनीयता के लिए अत्यंत आवश्यक है।

### अर्धदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी गई

बैठक के दौरान यह भी अवगत कराया गया कि जनगणना निदेशालय द्वारा नियुक्त जिला नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में आज प्रातः 11:00 बजे, कलेक्टर कार्यालय स्थित दिशा सभा कक्ष, बेमेतरा में गूगल अर्थ प्रो आधारित अर्धदिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।

### तकनीकी दक्ष कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य

बैठक में निर्देश दिए गए कि सभी संबंधित कार्यालय उक्त प्रशिक्षण में अपने-अपने विभाग से तकनीकी रूप से दक्ष कर्मचारी जनगणना लिपिक की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करें। जिससे ग्रामों के भू-संदर्भीकरण का कार्य समयबद्ध एवं त्रुटिरहित रूप से पूर्ण किया जा सके। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि जनगणना 2027 से जुड़े सभी कार्यों की सतत समीक्षा एवं निगरानी जिला प्रशासन द्वारा की जाएगी। निर्धारित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# भैंसों को भूखा-प्यासा ठूंसकर ले जा रहा एक आरोपी गिरफ्तार

## 10.57 लाख की संपत्ति जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- पशु तस्करी पर खम्हरिया पुलिस की कार्रवाई

जिले में पशु तस्करी और पशु क्रूरता के खिलाफ खम्हरिया पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। वाहन में निर्दयता से भैंसों को ठूंस-ठूंस कर, बिना चारा-पानी और बिना वैध दस्तावेज के अवैध परिवहन किया जा रहा था। पुलिस ने न सिर्फ आरोपी को दबोचा, बल्कि तस्करी में प्रयुक्त वाहन सहित 10 लाख 57 हजार रुपये की संपत्ति जब्त कर ली।

प्रार्थी हरिश चौहान, कारेसरा द्वारा थाना खम्हरिया में दर्ज कराई गई रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की। वाहन क्रमांक सीजी 4 क्यूं सी 5927 को रोककर जांच की गई, जिसमें चालक सुनील साहू पिता कोदू साहू, निवासी ग्राम रमपुरा वाहन के डाले के पीछे 02 नग भैंसा को अमानवीय तरीके से भरकर ले जाता मिला। न चारा, न पानी और न ही कोई वैध कागजात सीधे तौर पर कानून की उल्लंघन किया जा रहा था। विवेचना के दौरान आरोपी ने कबूल किया कि वह अवैध लाभ कमाने के उद्देश्य से ग्राम बेरा निवासी लुकदास घृतलहरे उर्फ मिट्टू के कहने पर भैंसों का परिवहन कर रहा था। पुलिस ने इसे संगठित पशु तस्करी से जोड़कर देखा है। मामले में छत्तीसगढ़ कृषक पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10, पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की ▶▶| शेष पेज 10 पर

# परपोड़ी नगर पंचायत की 'हरियाली' सिर्फ फाइलों में, मिनी गार्डन बना उपेक्षा का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/परपोड़ी



- सुरक्षा के नाम पर खुला खेल-लाखों खर्च, जमीन पर शून्य

नगर पंचायत परपोड़ी में विकास और सुरक्षा के दावों की पोल मिनी गार्डन ने खोलकर रख दी है। बस स्टैंड के पास तालाब किनारे बना मिनी गार्डन आज बदहाली, लापरवाही और भ्रष्ट व्यवस्था का जीता-जागता उदाहरण बन चुका है। सुरक्षा और देखरेख के नाम पर महज खानापूर्ति की गई, नतीजा— गार्डन की दुर्दशा और आमजन की बढ़ती चिंता। बच्चों के लिए लगाई गई घिसलपट्टी, स्लाइडर व अन्य खेल उपकरण बिना रखरखाव के जर्जर हालत में हैं।

गार्डन की बाउंड्रीवाल पर लगे स्टाइलिश ग्रिल अब रहस्यमयी तरीके से गायब हैं, जिससे सुरक्षा पर सीधा सवाल खड़ा हो गया है। सबसे चौंकाने वाली बात यह कि हरियाली और वृक्षारोपण सिर्फ कागजों में चमकता रहा, जबकि जमीनी हकीकत बिल्कुल उलट है। न पेड़, न पौधे-सिर्फ सूखी जमीन और टूटे दावे। वृक्षारोपण के नाम पर फाइलों में लंबी-लंबी सुर्खियां जरूर लिखी गईं, मगर मौके पर सन्नाटा और सच्चाई उजागर है। नगर पंचायत द्वारा लाखों रुपये के खर्च की बात कही जाती है, पर मिनी गार्डन का अस्तित्व ही ▶▶| शेष पेज 10 पर






**हरिभूमि**

**जन्मदिन उत्सव**
**उपहार वितरण सूचना**

**हरिभूमि** के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि जन्मदिन उत्सव में भाग्यशाली विजेता अपना उपहार 3 जनवरी 2026 से हरिभूमि कार्यालय, जिला कार्यालय या अपने क्षेत्र के अभिकर्ता से प्राप्त कर सकते है। उपहार प्राप्त करने के लिये अपना पहचान पत्र, माह दिसंबर 2025 हरिभूमि अखबार का मासिक बिल साथ लावें।

**समय : सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक।**

**नोट : रविवार के दिन उपहार का वितरण नहीं होगा।**

### 15 जनवरी मकर संक्रांति से होगी आस्था और शुभता की भव्य शुरुआत

**बेमेतरा।** धार्मिक आस्था, व्रत-त्योहारों और शुभ संस्कारों की दृष्टि से वर्ष 2026 असाधारण और ऐतिहासिक संयोगों वाला वर्ष बनने जा रहा है। नए साल की शुरुआत ही 15 जनवरी को मकर संक्रांति और 23 जनवरी को वसंत पंचमी जैसे मांगलिक पर्वों से होगी। वहीं वर्ष का सबसे बड़ा धार्मिक संयोग पुरुषोत्तम मास (अधिकमास) है, जो 17 मई से 15 जून तक रहेगा। इस कारण 2026 तेरह महीनों का वर्ष होगा और इसका सीधा प्रभाव पर्व-त्योहारों, विवाह मुहूर्तों और धार्मिक आयोजनों पर पड़ेगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार अधिकमास के चलते साल के पहले छह महीनों में अधिकांश त्योहार 2025 की तुलना में करीब 10 दिन पहले आएंगे, जबकि वर्ष के उत्तरार्ध में पर्व 16 से 18 दिन तक देरी से मनाए जाएंगे। यही कारण है कि 2026 को शुभ संयोगों और धार्मिक ऊर्जा से भरपूर वर्ष माना जा रहा है। त्योहारों की तिथियों में बड़ा बदलाव आया है जहां होली 2026 में 4 मार्च को होगी (2025 में 14 मार्च मनाई गई थी) दीपावली 8 नवंबर को पड़ेगी (2025 की तुलना में 17 दिन बाद) अधिकमास के कारण यह बदलाव पंचांग गणना का स्वाभाविक परिणाम है। 2026 में विवाह के लिए जनवरी, फरवरी, अप्रैल, मई ▶▶| शेष पेज 10 पर

